## एक नजर में



### हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर में होंगे कार्यक्रम

**सीहोर.** पावर हाऊस कॉलोनी स्थित पंचमुखी हुनमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव मनाने के लिए समिति संरक्षक पूर्व विधायक रमेश सक्सेना के निवास पर बैठक आयोजित की गई. जिसमें श्री सक्सेना, तरूण गौसाई, अशोक राजपूत के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया. 31 मार्च को प्रात: अखण्ड रामायण का पाठ, 1 अप्रैल को रूद्राभिषेक, हवन एवं प्रसादी वितरण एवं 2 अप्रैल को विशेष श्रंगार किया जाएगा. शाम को महाआरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा. इस मौके परअशोक जोशी, पं.कमला प्रसाद शर्मा, अरूण जोशी, विनय सक्सेना, विशाल परदेशी, तिलक दांगी, कालू शर्मा, महेन्द्र वर्मा, आशीष गेहलोत, नरेन्द्र राजपूत, अजय पाल, माखन परमार, सुशील ताम्रकार, पंकज मालवीय, सौरभ शर्मा, नितेश सेन, सोनू वर्मा, बबलु शर्मा, अशोक पहलवान, शुभम मालवीय, आशीष गोहर, दीपक तात्या, भुवन बंसल, गिरिश मेहता, मुकेश गोहिया, राजु शर्मा, बाबलु गांठे, चन्दु गांठी, संतोष शर्मा, गब्बर शर्मा, राहुल आसेरी, सिम्मी जैन, कपिल गौर, राहुल दांगी, मनीष परमार, प्रमोद शर्मा, चन्दु शर्मा, कमल खत्री, राहुल कुशवाहा आदि उपस्थित थे.



### स्वास्थ्य शिविर में बुजुर्गों को बांटे सहायक उपकरण

**सीहोर.** बी पैक्स निपनिया कलां में इफ्को-एमसी द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. लगभग 215 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. बुजुर्गों को स्टिक, वॉकर भी प्रदान किया गया. कार्यक्रम में डॉ. रवि श्रीवास्तव, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. जयश्री मिश्रा, डॉ. चंद्रमोहन मिश्रा ने स्वास्थ्य परीक्षण किया. इस दौरान राकेश दांगी, विवेक यादव, नरेंद्र सिंह, ओमप्रकाश मेवाड़ा, दीपक चंद्रवंशी, सुरेश गौर, महेश चंद्र चौधरी मौजूद थे.



### पारंपरिक गीतों के साथ ईशर और गौरा के सामने दिए झाले

**सीहोर.** नगर में गणगौर पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है. प्रतिदिन गणगौर की पाती लेकर माहेश्वरी, अग्रवाल समाज की महिलाएं उत्साह के साथ चल समारोह में शामिल हो रही हैं. गत दिवस महिलाओं ने चल समारोह निकाला. गणगौर का चल समारोह चरखालाइन से शुरू हुआ और प्रमुख मार्गों से होता हुआ सीवन नदी पर पहुंचा. जुलूस में महिलाएं आकर्षक परिधानों में नजर आई. सीवन नदी घाट पर पहुंचकर महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाते हुए ईशर और गौरा की प्रतिमा के सामने झाले दिए. इस दौरान रुक्मणी रोहिला, प्रेमलता रूठिया, मोहिनी अग्रवाल, संध्या मोदी, मंजू अग्रवाल, मालती अग्रवाल, तारा अग्रवाल, संध्या कोहली, मीना जयपुरिया, उषा अग्रवाल सहित माहेश्वरी और अग्रवाल समाज की महिलाएं शामिल रहीं.



### महिलाओं को बताया टीकाकरण का महत्व

**दोराहा.** जीरो डोज कार्यक्रम के तहत महिला समूहों को टीकाकरण के लिए जागरुक किया गया. ग्राम दोराहा में स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से जीरो डोज कार्यस्र5म के अंतर्गत स्वसहायता समूह की महिलाओं का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें आशा कार्यकर्ता माया राठौर, कविता अहिरवार एवं रीना कुशवाहा की उपस्थिति में महिलाओं को टीकाकरण के महत्व एवं आवश्यकताओं के बारे में जानकारी दी गई. ब्लॉक कोर्डिनेटर प्रीति बंसल, महेंद्र डामड़िया एवं जिला समन्वयक साक्षी गुप्ता ने बताया कि समय पर टीकाकरण से बच्चों एवं माताओं को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सकता है.



### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत की जा रहीं गतिविधियां

**बुधनी.** जिले में 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है. अभियान के तहत जनभागीदारी के माध्यम से कुओं, तालाओं, नदियों एवं अन्य जल स्त्रोतों की साफ सफाई एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है. इसके साथ ही आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है. जल संरक्षण गतिविधियों के अंतर्गत बुधनी के वार्ड 7 में पुराने बोरवेल की सफाई की गई और मोटर पंप डालकर बोर को चालू किया गया, जिससे वहां के नागरिकों को सुलभ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा. जल संरक्षण जागरुकता के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है.

# मुआवजे के लालच में किसानों ने खेला गेम

## फसल काटकर खुद लगाई नरवाई में आग, बेकाबू होता देख बुलाई फायर ब्रिगेड भी आग की चपेट में आई

- ग्राम अतरालिया में आग बुझाने गई दमकल भी आई चपेट में
- दमकलकर्मियों को खेत में गाड़ी उतारने को किया बाध्य

नवभारत न्यूज

**भैरुंदा 22 मार्च. तहसील क्षेत्र में प्रशासन को गुमराह कर सरकारी मुआवजा हासिल करने की एक बड़ी साजिश का खुलासा हुआ है. ग्राम अतरालिया में सामने आए इस मामले ने न केवल अधिकारियों को चौंका दिया है, बल्कि सरकारी संसाधनों को भी नुकसान पहुंचाया है. जांच में पता चला है कि कुछ किसानों ने जानबूझकर नरवाई में आग लगाकर खड़ी फसल जलने की झूठी सूचना दी, ताकि मुआवजा प्राप्त किया जा सके. अब इनके खिलाफ पुलिस में प्रकरण दर्ज कराया जाएगा.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, किसानों द्वारा सूचना दी गई कि उनके खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में भीषण आग लग गई है. सूचना मिलते ही नगर परिषद की फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची. लेकिन जब टीम ने स्थल का निरीक्षण किया, तो सच्चाई कुछ और ही सामने आई. जांच में स्पष्ट हुआ कि खेत की फसल पहले ही काटी जा चुकी थी और खेत में केवल नरवाई बची थी.




**भैरूंदा.** रविवार को नरवाई में लगी आग को बुझाने अतरालिया पहुंची दमकल भी आग की चपेट में आ गई थी.

बताया जा रहा है कि किसानों ने मूंग की अगली फसल की तैयारी के लिए खेत को जल्दी साफ करने के उद्देश्य से नरवाई में आग लगाई थी. इसी के साथ खड़ी फसल जलने का झूठा दावा कर मुआवजा लेने की योजना बनाई गई थी. गौरतलब है कि जिला कलेक्टर द्वारा पहले ही नरवाई जलाने और झूठी सूचना देने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद इस तरह की घटना सामने आना प्रशासनिक आदेशों की खुली अवहेलना को दर्शाता है. फिलहाल, मामले के उजागर होने के बाद संबंधित किसान सामने आने से बच रहे हैं. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह आग प्राकृतिक नहीं, बल्कि जानबूझकर लगाई गई थी। अब जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए प्रशासन मन बना चुका है.

### दोषियों के खिलाफ होगी एफआईआर

जानकारी मिली थी कि ग्रामीणों ने नरवाई में आग लगाई थी और उसे बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड को बुलाया था. इनके द्वारा प्रशासन के प्रतिबंधात्मक आदेश के बाद भी नरवाई को जलाया गया दमकल को खेत में उतराने के लिए बाध्य किया गया. दोषी किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी और उपार्जन में भी उन्हें ब्लॉक किया जाएगा.

**सुधीर कुशवाह ,**
एसडीएम, भैरूंदा

### किसानों के 'डबल गेम' का हुआ पर्दाफाश

नपा से जुड़े सूत्रों के अनुसार, इस पूरी घटना के पीछे किसानों की दोहरी मंशा थी—एक ओर नरवाई जलाकर खेत को जल्द तैयार करना और दूसरी ओर प्रशासन को भ्रमित कर फसल नुकसान का मुआवजा हासिल करना। इस 'डबल गेम' का खुलासा मौके पर पहुंचे अधिकारियों की जांच के बाद हुआ. बताया जाता है कि नरवाई में लगाई गई आग जब बेकाबू होकर कटी पड़ी फसल तक पहुंचने की आशंका दिखी तो किसानों के होश उड़ गए और उन्होंने दमकल को सूचना देने में ही भलाई समझी.

### दमकलकर्मियों से अभद्रता, वाहन को नुकसान

ग्राम अतरालिया में स्थिति तब और गंभीर हो गई जब आग बुझाने पहुंचे दमकल कर्मचारियों के साथ किसानों ने अभद्र व्यवहार किया. उन्हें सुलगते खेत में वाहन उतारने को मजबूर किया गया. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, किसानों के दबाव में आकर मजबूर होकर दमकल चालक को गाड़ी खेत में उतारनी पड़ी. इसी दौरान आग अचानक भड़क उठी और फायर ब्रिगेड का वाहन उसकी चपेट में आ गया. घटना में दमकल वाहन को भारी नुकसान हुआ है.

## बिजली बिल जमा नहीं करने पर सामान कुर्क



**दोराहा.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी वितरण केंद्र दोराहा द्वारा बकाया बिजली बिलों की वसूली के लिए स त कार्रवाई को अंजाम दिया गया. विभाग ने लंबे समय से बिल जमा न करने वाले 11 बड़े बकायादारों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई करते हुए उनकी बाइक व कृषि उपकरण जब्त कर लिए हैं. सहायक प्रबंधक द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 11 उपभोक्ताओं पर 3 लाख 13 हजार 262 रुपए की राशि बकाया थी. बार-बार चेतावनी और सूचना के बावजूद भुगतान न करने पर विभाग ने यह कठोर कदम उठाया है. कार्यवाही के दौरान विभाग ने अलग-अलग गांवों से बाइक और अन्य सामान कुर्क किए हैं. जिसमें 7 बाइक एवं कृषि उपकरण शामिल हैं. बकायादारों में सबसे अधिक बकाया दोराहा के शरीफ खा, नजर खा का 61 हजार 239 व सलीमउद्दीन आयुब खा पर 60 हजार 454 रुपए पाया गया. इसके अलावा गोपालपुरा, पाटन और नातराखेड़ी के उपभोक्ताओं पर भी कार्रवाई की गई है. विद्युत कंपनी का कहना है कि बकायादारों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई सतत जारी रहेगी.

## महिलाओं ने उत्साह से मनाया गणगौर पर्व

नवभारत न्यूज

**भैरुंदा 22 मार्च.** क्षेत्र में सौभाग्य और अटूट सुहाग का प्रतीक गणगौर का पर्व शनिवार को गणगौर उत्सव समिति के तत्वाधान में परंपरागत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया. घर-घर में ईसर-गौर की पूजा की गई और महिलाओं ने पति की दीर्घायु व कुंवारी कन्याओं ने अच्छे वर की कामना के साथ व्रत रखा.

सुबह से ही बस्तियों और मोहल्लों में उत्सव का माहौल नजर आया. नवविवाहिताओं और महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर सामूहिक रूप से गणगौर माता की पूजा की. पूजा के बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को सुहाग के प्रतीक सिन्दूर और मेहंदी भेंट की. शाम के समय कई स्थानों पर ईसर और गौरा की सवारी निकाली गई. सुसज्जित प्रतिमाओं को पालकी में बिठाकर नगर भ्रमण कराया गया. जिसे देखने जनसैलाब उमड़ पड़ा. गाजे-बाजे के साथ निकली इस शोभायात्रा में लोक कलाकारों ने प्रस्तुतियों से समां बांध दिया. शोभायात्रा के बाद महिलाओं ने नम आंखों से गणगौर माता को विदाई दी.



## भाजपा काल में सुविधाओं से वंचित किसान : पटवारी

- ग्राम लोहापठार पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पटवारी
- मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर सरकार को घेरा

नवभारत न्यूज

**इछावर 22 मार्च.** रविवार को सलकनपुर जाते समय प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ग्राम लोह पठार पहुंचे.

पटवारी के साथ पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम पटेल, सोण्डा ब्लॉक अध्यक्ष सन्तोष पटेल एवं मंडलम महेंद्र गुर्जर, चन्दर सिंह धनगर, जनपद सदस्य शेर सिंह बारेला, जनपद सदस्य मूलसिंह, सेक्टर प्रभारी राहुल गुर्जर, अनुसुचित जाति ब्लॉक अध्यक्ष महेश राठौर, युवा ब्लॉक अध्यक्ष धर्मसिंह, पूर्व मंडलम अध्यक्ष विजय गुर्जर, राजेश वर्मा, महेश मीणा, धन सिंह, पंचायत समिति अध्यक्ष दीपक धुर्वे उपस्थित थे. जिन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ग्रामीणों ने जीतू पटवारी को अपनी समस्याएं बताई. इस पर जीतू पटवारी ने कहा कि 20 वर्ष से ज्यादा समय से प्रदेश में बीजेपी की सरकार है और इस क्षेत्र से कई वर्षों से मंत्री हैं और इस गांव को सांसद ने गोद लिया. इसके बाद भी यहां पर आज भी लोग मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं. ग्राम लोहार पठार जहां 2026 में भी हालात बदहाल हैं. न पानी, न बिजली, न मोबाइल नेटवर्क सवाल यह है कि आखिर विकास के दावे जमीन पर क्यों नहीं दिखते? बीस साल की भाजपा सरकार में जहां गांवों को आगे बढ़ना चाहिए था, वहीं कई गांव आज बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझ रहे हैं. यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के साथ अन्याय है.



## राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो 26 का शुभारंभ आज

- देश भर के अनेक किसान और वैज्ञानिक करेंगे शिरकत
- 24 मार्च को एक्सपो में शामिल होंगे केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान

**बुधनी 22 मार्च.** केंद्रीय कृषि यंत्रीकरण एवं परीक्षण प्रशिक्षण संस्थान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो 2026 का शुभारंभ सोमवार को प्रात: 11 बजे प्रदेश के कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना के मुख्य आतिथ्य में होगा.

एक्सपो के दूसरे दिन 24 मार्च को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान कार्यक्रम में शामिल होंगे. वे इस दौरान किसानों, कृषि विशेषज्ञों एवं उद्योग प्रतिनिधियों से संवाद कर जमीनी स्तर की समस्याओं, नवाचारों और अनुभवों पर चर्चा करेंगे. संस्थान के निदेशक डॉ. बी. एम. नांदेडे ने बताया कि एक्सपो किसानों, कृषि वैज्ञानिकों, उद्यमियों एवं छात्रों के लिए आधुनिक कृषि तकनीकों, यंत्रीकरण व नवाचार को समझने का एक प्रभावी मंच है. उन्होंने कहा प्रदर्शनी में आधुनिक कृषि यंत्रों, ड्रोन तकनीक, उन्नत फसल प्रबंधन, प्रसंस्करण तकनीकों और कृषि यंत्रीकरण से जुड़े उपकरणों का प्रदर्शन किया जाएगा. किसानों को योजनाओं, नवाचारों व स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी.



## कैंसर की रोकथाम के लिए जरूरी वैक्सीन

नवभारत न्यूज

**सीहोर 22 मार्च.** कलेक्टर बालागुरू के ने जिले में 14-15 वर्ष आयु की बालिकाओं के शत-प्रतिशत एचपीवी टीकाकरण के लिए निर्देश जारी कर विभिन्न विभागों के अधिकारियों दायित्व सौंपे हैं. उन्होंने संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि कोई पात्र बालिका एचपीवी टीकाकरण से वंचित न रहे.

कलेक्टर ने कहा है कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) संक्रमण से होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए यह टीकाकरण अत्यंत महत्वपूर्ण है और समय पर वैक्सीनेशन से बालिकाओं को भविष्य मे होने वाली गंभीर बीमारी से बचाया जा सकता है. आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से 14-15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं की सूची तैयार करने तथा अभिभावकों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है. स्कूल शिक्षा विभाग को अध्ययनरत बालिकाओं की जानकारी उपलब्ध कराने और टीकाकरण के लिए अनुकूल वातावरण बनाने के निर्देश दिए गए हैं.

## भक्ति के साथ मनाई जा रही नवरात्रि

**शाहगंज.** चैत्र नवरात्री का पावन पर्व नगर में श्रद्धा पूर्वक मनाया जा रहा है अनेक स्थानों पर माता के भक्तों द्वारा जबारे बोकर माता की जोत जलाई जा रही है एवं मातारानी की उपासना की जा रही है नवरात्री पर्व पर श्रद्धालु सुबह नर्मदा स्नान कर देवी मंदिरों में पहुँचकर माता को जल चढ़ा रहे हैं। माता मंदिरो में सुबह शाम माता के जयकारे गूंज रहे है दिन भर भक्तजनों का मंदिरो में आना जाना लगा हुआ है.नगरवासी माता की भक्ति में लीन हो गए है कोई ब्रत उपवास कर रहा है तो कोई नंगे पैर रहकर माता की भक्ति में लीन है. अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा ज्वारे रखे गए हैं एवं ज्वारे रखकर माता की ज्योत जलाई जा रही है एवं रात्रि में माता के जस गाए जा रहे हैं. नवरात्र पर्व पर माँ विजयासन के दरबार सलकनपुर में भी बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं. नवरात्र पर नगर के नई बस्ती स्थित श्री राम जानकी मंदिर में 26 मार्च तक श्री राम नवमी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है.

**प्रेरक संदेश** शासकीय माध्यमिक शाला महुआखेड़ी में दिखी प्रेरणादायक पहल

## बच्चों ने दिलाया बूंद-बूंद पानी बचाने का संकल्प

नवभारत न्यूज

**सीहोर 22 मार्च.** विश्व जल दिवस के अवसर पर शासकीय माध्यमिक शाला महुआ खेड़ी, तकीपुर में एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली, जहां नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने उत्साह और रचनात्मकता से जल संरक्षण का सशक्त संदेश दिया.

इको क्लब के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम ने न केवल विद्यालय परिसर, बल्कि पूरे गांव में जल के महत्व को लेकर नई चेतना का संचार किया. कार्यक्रम का उद्देश्य केवल औपचारिकता निभाना नहीं, बल्कि आमजन के मन में जल के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता विकसित करना था. बच्चों ने इस उद्देश्य को पूरी लगन और आत्मविश्वास के साथ साकार किया. स्लोगन लेखन और आकर्षक पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से उन्होंने जल संकट की गंभीरता को बेहद सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया. हर पोस्टर और हर पंक्ति मानो यही संदेश दे रही थी कि यदि आज नहीं संभले, तो कल बहुत देर हो जाएगी. कार्यक्रम का सबसे प्रभावशाली आकर्षण रहा बच्चों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक. इस नाटक में जल की कमी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को इतने जीवंत और मार्मिक तरीके से दर्शाया गया कि उपस्थित ग्रामीण भावुक हो उठे. बच्चों की अभिनय क्षमता और संदेश की स्पष्टता ने सभी को सोचने पर मजबूर कर दिया कि जल संरक्षण अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता बन चुका है.

इसके बाद विद्यार्थियों ने गांव के प्रमुख मार्गों पर एक जागरूकता रैली निकाली. जल ही जीवन है, जल है तो कल है और बिन पानी सब सून जैसे नारों से गूंजता माहौल यह दर्शा रहा था कि नई पीढ़ी अब अपने भविष्य को लेकर सजग है. बच्चों का जोश और ऊर्जा इतनी प्रेरणादायक थी कि गांव के लोग भी इस अभियान से जुड़ने के लिए आगे आए. कार्यक्रम में सुधीर राय ने जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का समय जल संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाने का है. उन्होंने सभी से अपील की कि वे अपने दैनिक जीवन में जल का विवेकपूर्ण उपयोग करें और इसे व्यर्थ न बहने दें. वहीं शिक्षक सतीश त्यागी ने सोख्ता गड्ढा निर्माण, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग और भू-गर्भ जल संचयन जैसे व्यावहारिक उपायों की जानकारी देकर लोगों को इन तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया.

यह कार्यक्रम इस बात का जीवंत उदाहरण बन गया कि यदि सही दिशा और मार्गदर्शन मिले, तो बच्चे भी समाज में बड़ा बदलाव ला सकते हैं. नन्हे हाथों से दिया गया यह संदेश हर किसी के दिल तक पहुंचा—जल बचाना ही जीवन बचाना है.



## संेचुरियन अकादमी ने रिक्की इलेवन को हराया

**सीहोर.** बीएसआई मैदान पर नगर सेठ स्व. गेंदालाल राय स्मृति लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. शनिवार खेले गए इस मैच में अनेक रिकार्ड बने है. आयोजन समिति के अतुल त्रिवेदी ने बताया किपहले बल्लेबाजी करने उतरी सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी टीम ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खोकर 318 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया. लक्ष्य का पीछा करने उतरी रिक्की इलेवन की पूरी टीम 11 ओवर में 53 रन पर ढेर हो गई.देवेन्द्र चंद्रवंशी ने 18 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली. इसके अलावा कोई बल्लेबाज दहाई के आंकड़े को नहीं छू सका. सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए आकाश ने चार ओवर में 14 रन देकर पांच विकेट, अविनाश बैरागी-यश लोधी ने दो-दो विकेट हासिल किए। मैच के अंत में आयोजन समिति की ओर से बल्लेबाज अतुल कुशवाहा को 190 रन की रिकार्ड पारी की बदौलत पुरस्कार प्रदान किया.